**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**04.12.2024 के**
**तारांकित प्रश्न सं. 139 का उत्तर**

**धमतरी रेल लाइन का विस्तार**

***139. श्री भोजराज नाग:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या धमतरी रेल लाइन का छत्तीसगढ़ के कांकेर शहर से जगदलपुर तक विस्तार करने का कोई प्रस्ताव है; और**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

********

**धमतरी रेल लाइन का विस्तार के संबंध में दिनांक 04.12.2024 को लोक सभा में श्री भोजराज नाग के तारांकित प्रश्न सं.139 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) और (ख) छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में रेल संपर्कता में सुधार लाने के लिए कांकेर जिले से गुजरने वाली दल्लीराझरा-रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना (235 किलोमीटर) को दो चरणों अर्थात् दल्लीराझरा-रावघाट (95 किलोमीटर) और रावघाट-जगदलपुर (140 किलोमीटर) में शुरू किया गया है। चरण-I अर्थात् दल्लीराझरा-रावघाट में, 77 किलोमीटर (दल्लीराझरा-ताड़ोकी) को कमीशन कर दिया गया है और इस परियोजना पर 31.03.2024 तक ₹1,028 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। चरण II अर्थात् रावघाट-जगदलपुर (140 किलोमीटर) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।**

**कांकेर जिले की संपर्कता को और बेहतर बनाने के लिए, बांसकोट और अमरावती के रास्ते धमतरी से कोंडागांव (183.19 किलोमीटर) नई लाइन के लिए भी एक सर्वेक्षण को मंजूरी दी गई है।**

****